चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/ 1474
दिनांक : 18/8/23

अतिमहत्वपूर्ण/सर्वोच्च प्राथमिकता

विज्ञप्ति

विषय : अन्तिम सेमेस्टर/वर्ष के आन्तरिक/प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा के अंक पोर्टल पर तत्काल अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।

विश्वविद्यालय की विज्ञप्ति संख्या–गोप0/1192, दिनांक 24.07.2023 द्वारा सूचित किया गया था कि विश्वविद्यालय का **35वां दीक्षान्त समारोह दिनांक 05 अक्टूबर, 2023** को नियत है।

छात्र/छात्राओं की श्रेष्ठता सूची समय से जारी किये जाने हेतु मा0 कुलपति महोदया द्वारा यह निदेश प्रदान किये गये थे कि समस्त पाठ्यक्रमों के अन्तिम सेमेस्टर/वर्ष के परीक्षा परिणाम प्रत्येक दशा में 20 अगस्त 2023 तक घोषित कर दिये जाय। तत्पश्चात् सभी पाठ्यक्रमों की श्रेष्ठता सूची जारी कर दी जाय और ससमय आपत्तियों का निस्तारण कर लिया जाय।

उल्लेखनीय है कि अधिकांश महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा अन्तिम सेमेस्टर/वर्ष के आन्तरिक/प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा के अंक पोर्टल पर अपलोड नहीं किये गये हैं जिसके कारण 20 अगस्त 2023 तक सभी पाठ्यक्रमों के परीक्षाफल घोषित किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है जिस पर मा0 कुलपति महोदया द्वारा घोर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है।

अतः ऐसे महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक जिनके द्वारा अभी तक अन्तिम सेमेस्टर/वर्ष के आन्तरिक/प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा के अंक पोर्टल पर अपलोड नहीं किये गये हैं, से अनुरोध है कि 03 दिवस के अन्दर उक्त वांछित अंक पोर्टल पर अपलोड कर परम्परागत पाठ्यक्रमों के अंकपर्ण की दो प्रतियां (कुलसचिव प्रति एवं टैबुलेटर प्रति) खिड़की नं0–40 एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के अंकपर्ण की दो प्रतियां कमरा नं0–308 में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यदि आन्तरिक/प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा के अंकों के अभाव में किसी छात्र/छात्रा का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हो पाता है और छात्र/छात्रा का नाम श्रेष्ठता सूची में सम्मिलित नहीं हो पाता है तो इसका समस्त दायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक को होगा।

18.8.2023

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियन्त्रक को परीक्षा नियन्त्रक जी के सूचनार्थ।
4. प्रभारी वेबसाईट को इस आशय से कि उक्त पत्र को विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव (गोपनीय)

D:/Office Puneet//Office Pad/1036